Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the safety of women and people in Maharastra.

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल (जलगाँव): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मैं महाराष्ट्र प्रदेश से आता हूं । महाराष्ट्र प्रदेश का गौरवशाली इतिहास है । महाराष्ट्र प्रदेश वीर छत्रपति शिवाजी महाराज, ज्योतिबा फुले और बाबा साहब अम्बेडकर जी की भूमि है । महाविकास आघाडी के प्रशासन में महिलाओं के खिलाफ हो रहा अत्याचार और दुर्व्यहार चरम सीमा पर है । इसका सबसे व्यापक उदाहरण महाराष्ट्र सरकार के दो मंत्रियों, जिनके ऊपर हत्या और महिला शोषण के गंभीर आरोप लगे हैं । प्रजा फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार महाराष्ट्र में वर्ष 2020 में बलात्कार के मामलों में 24 परसेंट की वृद्धि हुई है । कोरोना महामारी के समय लचर व्यवस्था के कारण महाराष्ट्र में सबसे अधिक संक्रमण और मृत्यु हुई है । वर्तमान स्थिति इतनी खराब है कि वहां फिर से लॉकडाउन लगाना पड़ा है । इसके अतिरिक्त सरकार मुजरिमों का साथ दे रही है । सचिन वझे जो मनसुख हिरेन के संदिग्ध मृत्यु में संलिप्त हैं, उनको सरकार द्वारा बचाने की पूरी कोशिश हो रही है।

कानून-व्यवस्था का स्तर इस बात से लगाया जा सकता है कि मुंबई के एक रिहायशी इलाके में देश के एक नामी उद्योगपति के घर के बार एक्सप्लोसिव से भरी गाड़ी मिलती है । महाविकास आघाडी हर स्तर पर विफल हुई है । इनके शासन में महिलाएं एवं आम जनता असुरक्षित हैं । मेरा सरकार से यह निवेदन है कि कानून-व्यवस्था के पूरी तरह विफल होने के आधार पर इस महाविकास आघाडी सरकार को बर्खास्त किया जाए और महाराष्ट्र में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए ।